STEP UP SCHOOL

SUS/ जुलाई /24-25/ 12 CIRCULAR 10.07.24

हिंदी स्पेलथॉन - वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता 2024

प्रिय अभिभावक,

सादर अभिवादन!

जब हम किसी महान उद्देश्य के लिए समर्पित हो जाते हैं, तो कोई भी बाधा या अवरोध हमें अपने लक्ष्य से विचलित नहीं कर सकती। स्टेप अप स्कूल हमेशा अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए, विद्यालय कक्षा I से X के स्टेपियंस के लिए हिंदी ' स्पेलथॉन - वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता 2024' का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के शब्दज्ञान और उच्चारण कौशल को सशक्त बनाना है, जिससे उनकी लेखन क्षमता और शब्दावली समृद्ध हो। वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता छात्रों के आत्मविश्वास और संचार कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसे आयु और कक्षानुरूप तरीके से निर्मित किया गया है। वर्तनी ज्ञान प्रतियोगिता दो दौर में आयोजित की जाएगी।

- पहला दौर प्रारंभिक दौर होगा | जिसके लिए एक शब्दकोश साझा किया जाएगा। जिसमें से छात्रों को 20 शब्दों (कक्षा I - V के लिए) और 30 शब्दों (कक्षा VI - X) का श्रुतलेख होगा। जो छात्र अर्हता प्राप्त करेंगे उन्हें दूसरे दौर यानी अंतिम दौर में प्रयास करने का अवसर मिलेगा।
- दूसरे दौर में कक्षा (I-V) के प्रतिभागियों को एक अभ्यास पत्रिका दी जाएगी| जिसमें विभिन्न प्रकार के अभ्यास प्रश्न होंगे जैसे उलझे हुए अक्षर, क्रॉसवर्ड और सही वर्तनी पर गोला लगाना। यह वास्तव में छात्रों के भाषाई कौशल का परीक्षण करेगा।

- कक्षा (VI-X) के छात्रों के लिए मौखिक या नॉक-आउट दौर होगा कक्षा (VI-X) के लिए अंतिम दौर में थीम आधारित प्रतियोगिता होगी। कृपया इसके लिए अनुसूची और अन्य विवरण नोट करें:- ग्रेड I -V: शब्दावली (दौर 1 के लिए एक सप्ताह पहले Google क्लासरूम पर अपलोड की जाएगी|)

दौर 1: बृहस्पतिवार , 25 जुलाई , 2024 (अवधि : 30 मिनट)
दौर 2: बुधवार , 7 अगस्त , 2024 (अवधि : 30 मिनट)

हम अपने प्रिय अभिभावकों से आग्रह करते हैं कि वे इस आयोजन में अपने बच्चों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करें और सुनिश्चित करें|

भवदीय
स्टेप अप स्कूल